करने के प्रयत्न किये जा रहे हैं। मामले की जांच पड़ताल हो रही है।

(ग) ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए निम्नलिखित उपाय किये गये हैं :—

(1) नामी अपराधियों और समाज विरोधी तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाती है।

(2) निर्धारित स्थलों पर घुड़सवार गश्त लगाई जाती है।

(3) महत्वपूर्ण स्थलों पर टुकड़ियां तैनात की जाती है।

(4) वायरलैस सज्जित वाहनों में दिन रात कारगर गश्त लगाई जाती है।

(5) बदमाशों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

उत्तर प्रदेश-आसाम रोड का निर्माण

4820. **श्री विनायक प्रसाद यादव :** क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से लेटरल रोड प्रोजेक्ट के तहत चीन के आक्रमण के समय ही उत्तर प्रदेश आसाम रोड बरास्ता दरभंगा फारबिशगंज बनाने का कार्य शुरु किया गया था ;

(ख) क्या यह सच है कि सुरक्षा विभाग द्वारा किया गया निर्माण कार्य दरभंगा और फारविशगंज (पूर्णियां) के बीच एक स्थान तक पूरा किया गया था ;

(ग) क्या यह भी सच है कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से बना यह भारत नेपाल सीमा मार्ग 2530 मील अधूरा रहने के कारण बेकार पड़ा है जबकि उस पर पहले ही कई करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं ; और

(घ) यदि उपरोक्त भाग (क), (ख) और (ग) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या इस काम को पूरा करने के लिये कदम उठाये जायेंगे ?

नौवहन और परिवहन मंत्रालय में प्रभारी राज्य मंत्री (श्री चांदराम): (क) से (घ) संभवतः सदस्य महोदय का आशय उस पार्श्ववर्ती सड़क से है जिसका संबंधित राज्य सरकारों ने केन्द्रीय सहायता से उत्तर प्रदेश बिहार, पश्चिम बंगाल और असम से होकर गुजरने वाले पीलीभीत-लखीमपुर-नानपारा-डोमारियागंज बस्ती,-कसिया-पीपराकोठी-मुजफ्फरपुर-बरौनी-पूर्णिया-अररिया-ठाकुरगंज-चालसा-हशीमारा-भालिका- संकोश-काचू, गांव-सिदली और अमीनगांव रुट के साथ उत्तर प्रदेश में बरेली से असम में अमीनागांव तक विकास किया है। इस मार्ग में कुछ भाग राज्य सड़कों का है और कुछ भाग राष्ट्रीय राजमार्गों का है। लगभग सारी सड़क पूरी हो गई है और इस पर यातायात आ जा रहा है। दरभंगा और फोर्बसगंज पार्श्ववर्ती सड़क के उपर्युक्त रुट पर नहीं पड़ते। दरभंगा और फोर्बसगंज के बीच जब किसी सड़क का विकास किया जाएगा तो वह राज्य सड़क होगी और बिहार सरकार इसके निर्माण से संबंधित होगी।

सरकार द्वारा स्वीकृत कृषि-उद्योग योजनाएं

4821. **श्री विनायक प्रसाद यादवः** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने बिहार में औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े जिलों के विकास के लिये जिलेवार, कौन कौन सी कृषि उद्योग योजनाओं को स्वीकृति दी है ; और